DECEMBER 2023 **U/ID 30681/ULE4A**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

SECTION A — (10 × 2 = 20 marks)

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 30 शब्दों में हों।

1. आशा कविता में प्रलय के बाद प्रकृति कैसी थी?

2. मुक्तिबोध दुनिया को साफ करनेवाला किसे मानते हैं और क्यों?

3. धर्मवीर भारती ने कल्पना को उदासिनी क्यों कहा?

4. कवि शिवमंगल सिंह सुमन हार और जीत में भय-भीत क्यों नहीं होते?

5. 'भारत की आरती' कविता का उद्देश्य क्या है?

6. गाँधीजी की मृत्यु से सत्य की प्रतिष्ठा क्यों रुक गई?

7. 'प्रकृति के कवि' किसकी उपाधि है? वह उपाधि क्यों दी गई है?

8. प्रगतिवादी कवियों के मानवतावाद का परिचय दीजिए।

9. नई कविता के कलापक्ष का परिचय दीजिए।

10. रामकुमार वर्मा के द्वारा लिखित किन्हीं चार एकांकियों के नाम लिखिए।

11. जयशंकर प्रसाद के द्वारा लिखित किन्हीं चार कहानियों के नाम गिनाइए।

12. नई कविता के कवियों की यथार्थवादी दृष्टि कैसी है?

SECTION B — ($5 \times 5 = 25$ marks)

किन्हीं पाँच की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

13. नवकोमल आलोक बिखरता
हिम संसृति पर भर अनुराग,
सित सरोज पर क्रीड़ा करता,
जैसे मधु मय पिंग पराग।

14. मैं तुम लोगों से इतना दूर हूँ,
तुम्हारी प्रेरणा से मेरी प्रेरणा इतनी भिन्न है,
कि जो तुम्हारे लिए विष है, मेरे लिए अन्न है,
मेरी असंग स्थिति में चलता फिरता साथ है,

15. कल्पना उदासिनी
ने मलीन छोर से
उदास नेत्र कोर से
अश्रु बूँद पोंछकर कहा कि मैं गुलाम हूँ
स्वतंत्र रश्मि पर पली
स्वतंत्र वायु में चली
मगर सदा यही दरद रहा कि मैं गुलाम हूँ।

16. स्मृति सुखज प्रहारों के लिए
अपने खण्डहरों के लिए
यह जान लो मैं विश्व की संपत्ति चाहूँगा नहीं।
वरदान मांगूँगा नहीं।

17. सम्राज्य पूँजी का क्षत होवें
ऊँच नीच का विधान नत होवे
साधिकार जनता उन्नत होवे
जो समाजवाद जय पुकारती।

18. तुम मेरी धरती की नयी पौध के फूल
तुम, जिसके लिए मेरा तन–मन खाद बनेगा
तुम, जब मेरी इन रचनाओं को पढ़ोंगे
तो तुम्हें कैसा लगेगा।

19. और तभी किसी दिन
किसी प्राचीन काव्य संग्रह में
तुम मेरी कविताएँ पढ़ोगे;
और उन्हें पढ़कर तुम्हें कैसा लगेगा।

SECTION C — (3 × 10 = 30 marks)

किसी एक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में लिखिए। (1 × 10 = 10)

20. 'आशा सर्ग' का मूल्यांकन कीजिए।

21. 'वरदान मागूँगा नहीं' कविता की समीक्षा कीजिए।

किसी एक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में लिखिए। (1 × 10 = 10)

22. छायावाद की विशेषताओं को बताइए।

23. हिन्दी कहानी के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

24. किन्हीं दो कवियों का परिचय दीजिए। (2 × 5 = 10)

(a) महादेवी वर्मा

(b) सुमित्रानंदन पंत

(c) दिनकर

(d) मोहन राकेश